NDTV राजस्थान

विश्वा ब्रांड की पैकिंग में बिक रहा था 'नकली घी',स्टोर और गोदाम पर पड़ी रेड

Rajasthan News: स्वास्थ्य विभाग के केंद्रीय दल और बीकानेर खाद्य सुरक्षा दल ने जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कमला कॉलोनी में विश्वा ब्रांड के 4 हजार लीटर संदिग्ध नकली घी को सीज किया है. खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान तथा संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एन. धौलपुरिया के निर्देश पर हुई औचक कार्रवाई में सीएमएचओ बीकानेर डॉ राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 3 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए.

कमला कॉलोनी में गोदाम सीज

डॉ गुप्ता ने बताया कि फड़ बाजार में जगदंबा स्टोर नाम से संचालित दुकान के चौखुंटी पुलिया के पास कमला कॉलोनी की गली नंबर 14 में स्थित गोदाम पर यह सीज की कार्रवाई की गई है. जयपुर से आए केंद्रीय दल में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा और देवेंद्र राणावत और जिला खाद्य सुरक्षा दल के एफएसओ भानु प्रताप सिंह गहलोत व श्रवण कुमार वर्मा द्वारा रात तक कार्रवाई को अंजाम दिया गया.

विश्वा ब्रांड की पैकिंग का इस्तेमाल

डॉ. गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण दल को फड़ बाजार स्थित जगदंबा स्टोर पर बहुत सस्ते दाम पर देसी घी मिलने पर संदेह हुआ और व्यापारी को लेकर कमला कॉलोनी स्थित उसके गोदाम का निरीक्षण किया गया. यहां विश्वा ब्रांड का घी 1 लीटर, 5 लीटर, 15 लीटर, 800 मिली जैसे विभिन्न आकार के पैकिंग में मिला, जिसे मौके पर ही सीज कर दिया गया. लिए गए विभिन्न बैच के 3 नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जांच हेतु भिजवाया जाएगा, जिसके परिणाम के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी. तब तक उक्त घी का विक्रय नहीं किया जा सकेगा.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/big-action-by-food-safety-department-in-bikaner-4000-liters-of-fake-ghee-seized-in-vishwa-brand-packing-6546188